**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**05.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे**

**निर्वाचन आयोग**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मतदान प्रतिशत बढाने के लिए चयनित जिलों के निगम आयुक्तों और चुनाव अधिकारियों को मतदान केन्द्रवार कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग–अलग कार्यनीतियां बनाने को कहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने आज नई दिल्ली में उन ग्यारह राज्यों के निगम आयुक्त और चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक की, जहां पिछले चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी कम रही थी। बैठक का उद्देश्यं 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाना है। राजीव कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में कम मतदान वाले 2 सौ 15 ग्रामीण और 51 शहरी संसदीय क्षेत्रों की पहचान की गई है, जहां मतदाताओं की भागीदारी बढाने के प्रयास किये जाएंगे।

**मुख्यमंत्री**

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि लोकसभा चुनाव व प्रदेश के 6 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति टिकट फाइनल करने को लेकर फैसला लेगी। उन्होंने कहा कि कल 6 अप्रैल को दिल्ली में होने वाली स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में प्रत्याशियों के नाम को लेकर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर जिले के नौदान में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों सहित विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल करेगी। उन्होंने बागी विधायकों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता बिकाऊ को कभी जिताऊ नहीं बनाएगी।

**जयराम**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की तरह लोकसभा चुनाव के लिए बनाए गए कांग्रेस के घोषणा पत्र में हर वर्ग को ठगने की कोशिश की गई है और देश के लोग इस बार भी कांग्रेस के झांसे में नहीं आएंगे। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान जनता को दस गारंटियां दी थीं लेकिन चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस नेताओं ने एक बार भी घोषणा पत्र को नहीं देखा।

**कांग्रेस घोषणा पत्र**

कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी कर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी द्वारा आज नई दिल्ली में जारी घोषणा पत्र में प्रतिदिन चार सौ रूपये की न्यूनतम मजदूरी की गारंटी, प्रत्येक गरीब परिवार को प्रतिवर्ष एक लाख रूपये, केन्द्र सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए पचास प्रतिशत सीटों का आरक्षण, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना के वायदे शामिल हैं। कांग्रेस ने अगले दशक में 23 करोड लोगों के जीवन में सुधार लाकर गरीबी समाप्त करने का भी वायदा किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उनकी पार्टी का घोषणा पत्र पंच न्याय यानी न्याय के पांच स्तम्भों पर आधारित है। यह स्तम्भ हैं– युवा, महिलाएं, किसान, मजदूर और आबादी प्रतिशत के अनुरूप अवसर।

**अनुराग ठाकुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय सूचना व प्रसारण और युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर कल से हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। अनुराग ठाकुर कल 6 अप्रैल को बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यालय में होने वाले त्रिदेव सम्मेलन और श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के जगात खाना में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके अलावा वे घवांडल और श्री नयना देवी में स्थानीय कार्यक्रम में शिरकत भी करेंगे। अनुराग ठाकुर 7 अप्रैल को ऊना विधानसभा क्षेत्र के बस देहरा

और हरोली विधानसभा क्षेत्र के सलोह में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

**स्वीप कार्यक्रम**

निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा व निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम–स्वीप के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सिरमौर जिला के नाहन विधानसभा क्षेत्र की क्यारी और कोलावांलाभूड़ पंचायतों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त सुमित खिमटा ने सभी लोगों से मतदान में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया है। स्वीप गतिविधियों के नाहन क्षेत्र के नोडल अधिकारी अनिल शर्मा ने बताया कि जागरूकता अभियान में स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इसी तरह रेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र की लानाचेता पंचायत में लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ–नमस्कार।**